Prepp
Your Personal Exams Guide

**24/HV/M–2023–11**

**Booklet Series**

**A**

**Serial No.**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Question Booklet

# LANGUAGE, GENERAL STUDIES AND PALI

**Time Allowed : 2:30 Hours**

**Maximum Marks : 150**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet is divided into three Parts—Part–I, Part–II and Part–III. Part–I contains questions of **Language (Qualifying)**, Part–II contains questions of **General Studies** and Part–III contains questions of **Pali**.
2. **Part–I** consists of Question Nos. **1** to **30**, **Part–II** consists of Question Nos. **31** to **70** (the questions and their responses are printed in English and Hindi versions both) and **Part–III** consists of Question Nos. **71** to **150**.
3. **All** questions carry equal marks.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including one page (Page No. 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
6. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name and other particulars in the space provided on Page–1 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
7. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
8. Each question comprises of **five** responses—(A), (B), (C), (D) and (E). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
9. In the Answer Sheet, there are **five** circles—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ against each question. To answer the questions, you are to mark with Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one answer for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

## PART—I

### ( LANGUAGE )

**Directions (Q. Nos. 1 and 2) :** Fill in the blanks with suitable articles like 'a', 'an' and 'the' :

**1.** There are 30 or 31 days in _____ month.

(A) the
(B) a
(C) an
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**2.** My father is _____ engineer in the Water Works Department.

(A) the
(B) an
(C) a
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**3.** Which of the following is a part of bedroom?

(A) Pillow
(B) Table lamp
(C) Curtains
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**4.** Which of the following is a part of a room?

(A) Window
(B) Ceiling
(C) Floor
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**5.** Rainy season comes before

(A) winter
(B) spring
(C) summer
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**6.** The eighth month of the year is

(A) July
(B) September
(C) October
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**7.** Sister-in-law is

(A) husband's sister
(B) wife's sister
(C) brother's wife
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**8.** Cousins are

(A) maternal
(B) paternal
(C) siblings
(D) More than one of the above
(E) None of the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** 'चाँदी' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?

(A) द्रव्यवाचक संज्ञा

(B) जातिवाचक संज्ञा

(C) भाववाचक संज्ञा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा 'एकवचन' है?

(A) हस्ताक्षर

(B) छाया

(C) आँसू

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** हिन्दी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है?

(A) त्र के पश्चात्

(B) ज्ञ के पश्चात्

(C) क के पश्चात्

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** "जिसकी यह पुस्तक है, उसे लौटा दो।" इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?

(A) निश्चयवाचक

(B) संबंधवाचक

(C) पुरुषवाचक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** विशेषण का प्रमुख भेद कौन-सा **नहीं** है?

(A) असार्वनामिक विशेषण

(B) गुणवाचक विशेषण

(C) परिमाणवाचक विशेषण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा अशुद्ध शब्द है?

(A) वीभत्स

(B) लगान

(C) आगामी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है?

(A) क्षत्रिय

(B) क्षत्रीय

(C) उज्जवल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'तत्सम' शब्द है?

(A) घर

(B) स्नेह

(C) छेद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा विदेशी शब्द है?

(A) बाघ

(B) परीक्षा

(C) चाय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** रचना के आधार पर 'जिन शब्दों के खंड सार्थक न हों' उन्हें कौन-सा शब्द कहा जाता है?

(A) रूढ़

(B) यौगिक

(C) योगरूढ़

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' है?

(A) उसे मत लजाओ।

(B) बालिका लजाती है।

(C) सेवक नदी से गागर भरता है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा देशज शब्द है?

(A) आवारा

(B) भौंरा

(C) परवल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रूढ़ शब्द **नहीं** है?

(A) लकड़ी

(B) जलधारा

(C) महर्षि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** 'खारिज' किस भाषा का शब्द है?

(A) अरबी

(B) फारसी

(C) तुर्की

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** अशुद्ध और शुद्ध वर्तनी का कौन-सा युग्म सही **नहीं** है?

(A) कोमलांगिनी—कोमलांगी

(B) सुश्रूषा—शुश्रूषा

(C) माहात्म—महात्म्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** "उसका भविष्य उजवल है।" इस वाक्य में रेखांकित शब्द की शुद्ध वर्तनी कौन-सी है?

(A) उज्ज्वल

(B) उज्वल

(C) उज्जवल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**25.** एक छोटी आकृति का चमकीला वर्ग, जो स्क्रीन पर किसी चिह्न की स्थिति को स्पष्ट करता है, उसे क्या कहते हैं?

(A) करसर

(B) चिप

(C) कमांड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** 'कुरुक्षेत्र' के लेखक का क्या नाम है?

(A) हरिऔध

(B) श्रीधर पाठक

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** "जसोदा हरि पालनै झुलावै।
हलरावै दुलराइ मल्हावैं, जोइ-सोइ कछु गावैं॥"

उक्त काव्य-पंक्तियों में कौन-सा रस है?

(A) श्रृंगार

(B) वीर

(C) वात्सल्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** हिन्दी भाषा के उद्‌भव का काल माना जाता है

(A) 500 ई० पू०

(B) 500 ई०

(C) 1000 ई०

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** भारतीय काव्यशास्त्र में क्षमाशील, गम्भीर, स्थिरचित्त, स्वाभिमानी एवं दृढ़ प्रतिज्ञ नायक को कहा गया है

(A) धीरललित

(B) धीरोदात्त

(C) धीर प्रशांत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30.** जिन शब्दों पर लिंग, वचन, कारक का कोई प्रभाव न पड़े, वे कहलाते हैं

(A) व्यय

(B) विकारी

(C) अविकारी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

## PART—II

## ( GENERAL STUDIES )

**31.** The floor of a rectangular hall has a perimeter 250 meters. If the cost of painting the four walls at the rate of ₹ 10 per $(\text{meter})^2$ is ₹ 15,000, then the height of the hall is

(A) 7 meters

(B) 16 meters

(C) 6 meters

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**32.** Which of the following statements is ***not*** true?

(A) Every natural number is a whole number.

(B) Every integer is a whole number.

(C) Every natural number is an integer number.

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**33.** The average of 7 consecutive numbers is 20. The largest of these numbers is

(A) 20

(B) 21

(C) 23

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**34.** The equation $ax^2 + bx + c = 0$ has two distinct real roots, if

(A) $b^2 - 4ac < 0$

(B) $b^2 - 4ac > 0$

(C) $b^2 - 4ac = 0$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**35.** Mohan can do a bit of work in 25 days which can be completed by Sohan in 20 days. Both together labour for 5 days and afterward Mohan leaves off. How long will Sohan take to complete the remaining work?

(A) 20 days

(B) 11 days

(C) 14 days

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## PART—II

## ( GENERAL STUDIES )

**31.** एक आयताकार हॉल के फर्श की परिधि 250 मीटर है। यदि ₹ 10 प्रति वर्ग मीटर की दर से चारों दीवारों को पेंट करने की लागत ₹ 15,000 है, तो हॉल की ऊँचाई है

(A) 7 मीटर

(B) 16 मीटर

(C) 6 मीटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है?

(A) प्रत्येक प्राकृत संख्या, एक पूर्ण संख्या है।

(B) प्रत्येक पूर्णांक, एक पूर्ण संख्या है।

(C) प्रत्येक प्राकृत संख्या, एक पूर्णांक संख्या है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** 7 क्रमागत संख्याओं का औसत 20 है। इनमें से सबसे बड़ी संख्या है

(A) 20

(B) 21

(C) 23

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के दो भिन्न वास्तविक मूल होंगे, यदि

(A) $b^2 - 4ac < 0$

(B) $b^2 - 4ac > 0$

(C) $b^2 - 4ac = 0$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** मोहन 25 दिनों में एक काम कर सकता है जिसे सोहन 20 दिनों में पूरा कर सकता है। दोनों एक साथ 5 दिनों के लिए श्रम करते हैं और उसके बाद मोहन काम छोड़ देता है। शेष कार्य को पूरा करने में सोहन को कितना समय लगेगा?

(A) 20 दिन

(B) 11 दिन

(C) 14 दिन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36.** If $X = a^2 - b^2$, $Y = 30$ and $a + b = 15$, then

(A) $X$ is lesser than $Y$ if $a = b$

(B) $X$ is greater than $Y$ if $a > b$

(C) $Y$ is greater than $X$ if $a = b$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**37.** The probability of a non leap year selected at random will contain 53 Sundays is

(A) $\frac{1}{7}$

(B) $\frac{2}{53}$

(C) $\frac{1}{53}$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**38.** If $7^{12x+6} = 49^{3x+12}$, then the value of $x$ is

(A) 3

(B) 4

(C) 7

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**39.** Myopia is a disease in which a person cannot see

(A) distant objects clearly

(B) nearby objects clearly

(C) nearby as well as distant objects clearly

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**40.** The term 'heredity' chiefly refers to

(A) anatomy

(B) meiosis

(C) genetics

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**41.** The cans in which food is packed are coated with tin and not zinc because

(A) tin is more reactive than zinc

(B) zinc is more reactive than tin

(C) zinc is costlier than tin

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** यदि $X = a^2 - b^2$, $Y = 30$ तथा $a + b = 15$ हो, तो

(A) $X$ छोटा है $Y$ से यदि $a = b$

(B) $X$ बड़ा है $Y$ से यदि $a > b$

(C) $Y$ बड़ा है $X$ से यदि $a = b$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37.** यादृच्छिक रूप से चुने गए एक गैर-लीप वर्ष में 53 रविवार होने की प्रायिकता है

(A) $\frac{1}{7}$

(B) $\frac{2}{53}$

(C) $\frac{1}{53}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** यदि $7^{12x+6} = 49^{3x+12}$ हो, तो $x$ का मान है

(A) 3

(B) 4

(C) 7

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** मायोपिया वह बीमारी है, जिसमें व्यक्ति देख नहीं पाता है

(A) दूर की वस्तुएँ स्पष्ट रूप से

(B) पास की वस्तुएँ स्पष्ट रूप से

(C) पास की तथा दूर की वस्तुएँ स्पष्ट रूप से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** 'आनुवंशिकता' शब्द मुख्य रूप से किसे संदर्भित करता है?

(A) शरीर-रचना

(B) अर्धसूत्री विभाजन

(C) आनुवंशिकी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41.** जिन डिब्बों में खाना पैक किया जाता है, उन पर टिन की परत चढ़ी होती है न कि जिंक की, क्योंकि

(A) टिन, जिंक की तुलना में अधिक प्रतिक्रियाशील है

(B) जिंक, टिन की तुलना में अधिक प्रतिक्रियाशील है

(C) जिंक, टिन से महँगा है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** The process in which atmospheric carbon dioxide is converted into carbohydrates during photosynthesis is

(A) oxidation

(B) reduction

(C) hydrolysis

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**43.** The quality of a printer is determined as

(A) words per inch

(B) strike per inch

(C) dots per inch

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**44.** Trachoma disease is related to

(A) lungs

(B) ears

(C) eyes

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**45.** Which of the following makes use of Newton's third law of motion?

(A) Archery

(B) Space rocket

(C) Venturimeter

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**46.** Particles which can be added to the nucleus of an atom without changing its chemical properties are

(A) neutrons

(B) electrons

(C) protons

(D) More than one of the above

(E) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**42.** वह प्रक्रिया, जिसमें प्रकाश-संश्लेषण के दौरान वायुमण्डलीय कार्बन डाइऑक्साइड को कार्बोहाइड्रेट में परिवर्तित किया जाता है, है

(A) ऑक्सीकरण

(B) अपचयन

(C) जलीय-विश्लेषण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** एक प्रिन्टर की गुणवत्ता किससे निर्धारित की जाती है?

(A) शब्द प्रति इंच

(B) प्रहार प्रति इंच

(C) बिन्दु प्रति इंच

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** ट्रैकोमा रोग का सम्बन्ध है

(A) फेफड़ों से

(B) कान से

(C) आँखों से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा न्यूटन के गति के तीसरे नियम का उपयोग करता है?

(A) तीरंदाजी

(B) अंतरिक्ष रॉकेट

(C) वेन्चूरीमीटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** रासायनिक गुणों को अपरिवर्तित रखते हुए एक परमाणु के नाभिक में जोड़े जाने वाले कण हैं

(A) न्यूट्रॉन

(B) इलेक्ट्रॉन

(C) प्रोटॉन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**47.** Before Elon Musk announced change of the signature Blue Bird logo to Sign 'X' logo, who is regarded as the creator of Twitter's iconic Bird in its final version in 2012?

(A) Jack Dorsey

(B) Martin Grasser

(C) Noah Glass

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**48.** Who is the Director of the famous film *Oppenheimer*, a film about high-concept science, released this year?

(A) Christopher Nolan

(B) Guy Ritchie

(C) Laura McGann

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**49.** Which one of the following has pulled out from hosting the 2026 edition of Commonwealth Games due to huge estimated expenditure on its organization?

(A) London, UK

(B) Kuala Lumpur, Malaysia

(C) Victoria, Australia

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**50.** What is the full form of INDIA, a recently formed alliance of opposition political parties?

(A) Indian National Developmental Inclusive Alliance

(B) Indian National Development for Improvement Alliance

(C) Indian National Developmental Inclusive Association

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**51.** What message was sent by Chandrayaan–2 lunar orbiter to Chandrayaan–3's lander module when it established contact with it in August 2023?

(A) "Welcome home"

(B) "Chalo chand ke paar chalein"

(C) "Welcome, buddy"

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**47.** एलन मस्क द्वारा सिग्नेचर ब्लू बर्ड लोगो को बदलकर 'X' लोगो की घोषणा करने से पहले, 2012 में अपने अन्तिम संस्करण में ट्विटर के प्रतिष्ठित बर्ड के निर्माता के रूप में किसे माना जाता है?

(A) जैक डोर्सी

(B) मार्टिन ग्रासर

(C) नोआह ग्लास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48.** इस वर्ष रिलीज़ हुई उच्च-अवधारणा विज्ञान के बारे में प्रसिद्ध फिल्म 'ओपेनहाइमर' के निर्देशक कौन हैं?

(A) क्रिस्टोफर नोलन

(B) गाइ रिची

(C) लौरा मैकगैन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** निम्नलिखित में से किसने राष्ट्रमण्डल खेलों के 2026 संस्करण की मेजबानी से इसके आयोजन पर भारी अनुमानित व्यय के कारण अपना नाम वापस ले लिया है?

(A) लंदन, यू० के०

(B) कुआलालंपुर, मलेशिया

(C) विक्टोरिया, ऑस्ट्रेलिया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** हाल ही में बने विपक्षी राजनीतिक दलों के गठबंधन INDIA का पूर्णरूप क्या है?

(A) इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायन्स

(B) इंडियन नेशनल डेवलपमेंट फॉर इम्प्रूवमेंट अलायन्स

(C) इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव ऐसोसिएशन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51.** अगस्त 2023 में जब चन्द्रयान–2 चंद्र ऑर्बिटर ने चन्द्रयान–3 के लैंडर मॉड्यूल से सम्पर्क स्थापित किया, तो उसने उसे क्या संदेश भेजा था?

(A) "वेलकम होम"

(B) "चलो चाँद के पार चलें"

(C) "वेलकम, बडी"

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**52.** Name the former President of China who crushed the pro-democracy movement in 1989.

(A) Mao Tse Tung

(B) Yang Shangkun

(C) Jiang Zemin

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**53.** Who has elected for the second term as Ireland's Prime Minister?

(A) Sanna Marin

(B) Robert Abela

(C) Leo Varadkar

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**54.** African Union was made a permanent member in the G–20 Summit held in India. Who is the Chairman of the African Union?

(A) Azali Assoumani

(B) Justin Trudeau

(C) Ursula von der Leyen

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**55.** As per geographical area, arrange the following physio-graphic units of India in ascending order

1. Central highlands
2. Great plains
3. Coastal plains
4. Northern Mountains

Select the correct answer using the codes given below.

(A) 3, 1, 2, 4

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 2, 4, 1, 3

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**56.** Arrange the following ranges from North to South in sequence :

1. Ladakh
2. Karakoram
3. Pir Panjal
4. Zanskar

Select the correct answer using the codes given below.

(A) 1, 3, 2, 4

(B) 2, 1, 4, 3

(C) 3, 4, 1, 2

(D) More than one of the above

(E) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**52.** 1989 में लोकतन्त्र समर्थक आन्दोलन को कुचलने वाले चीन के पूर्व राष्ट्रपति का नाम लिखिए।

(A) माओ त्से तुंग

(B) यांग शांगकुन

(C) जियांग जेमिन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** आयरलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए किसे चुना गया है?

(A) सन्ना मरीन

(B) रॉबर्ट अबेला

(C) लियो वराडकर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54.** भारत में आयोजित जी–20 शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य बनाया गया। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष कौन हैं?

(A) अजाली असौमनी

(B) जस्टिन ट्रूडो

(C) उर्सुला वॉन डेर लेन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** भौगोलिक क्षेत्रफल के अनुसार, भारत की निम्नलिखित भौतिक (फिजियोग्राफिक) इकाइयों को आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. केन्द्रीय उच्चभाग
2. महान मैदान
3. तटीय मैदान
4. उत्तरी पर्वत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 3, 1, 2, 4

(B) 1, 2, 3, 4

(C) 2, 4, 1, 3

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** निम्नलिखित श्रेणियों को उत्तर से दक्षिण की ओर क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. लद्दाख
2. कराकोरम
3. पीर पन्जाल
4. जांस्कर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1, 3, 2, 4

(B) 2, 1, 4, 3

(C) 3, 4, 1, 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57.** During the monsoon season in India, most of the cyclones have their origin

(A) between 8° N and 13° N latitude

(B) between 10° N and 15° N latitude

(C) between 16° N and 21° N latitude

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**58.** Which of the following areas is ***not*** landslide-prone area?

(A) Western Ghats

(B) Eastern Ghats

(C) Himalayan Regions

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**59.** Which of the following coasts of India is most affected by violent tropical cyclones?

(A) Malabar

(B) Coromandel

(C) Konkan

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**60.** When running water cuts through clayey soils and makes deep channels, they lead to

(A) gully erosion

(B) sheet erosion

(C) deforestation

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**61.** Which of the following receives heavy rainfall in the month of October and November?

(A) Hills of Garo, Khasi and Jaintia

(B) Coromandel Coasts

(C) Plateau of Chota Nagpur

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**62.** Cultivation of fruits and vegetables is called

(A) floriculture

(B) agriculture

(C) horticulture

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**57.** भारत में मॉनसून सीजन में अधिकांश चक्रवातों की उत्पत्ति होती है

(A) 8° उ० और 13° उ० अक्षांश के मध्य

(B) 10° उ० और 15° उ० अक्षांश के मध्य

(C) 16° उ० और 21° उ० अक्षांश के मध्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन-सा भूस्खलन-प्रवृत्त (प्रोन) **नहीं** है?

(A) पश्चिमी घाट

(B) पूर्वी घाट

(C) हिमालयी क्षेत्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59.** निम्नलिखित में से भारत का कौन-सा तट उग्र उष्णकटिबंधीय चक्रवातों से सबसे अधिक प्रभावित है?

(A) मालाबार

(B) कोरोमंडल

(C) कोंकण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** जब बहता पानी चिकनी मिट्टी को काटता है और गहरे चैनल बनाता है, तो क्या होता है?

(A) गली कटाव

(B) शीट क्षरण

(C) वनों की कटाई

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** निम्नलिखित में से कहाँ अक्तूबर और नवम्बर के महीने में भारी वर्षा होती है?

(A) गारो, खासी और जैंतिया की पहाड़ियाँ

(B) कोरोमंडल तट

(C) छोटानागपुर का पठार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**62.** फलों एवं सब्जियों की खेती कहलाती है

(A) फूलों की खेती

(B) कृषि

(C) बागवानी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**63.** Who provided leadership in the districts of Patna, Ara and Shahabad during the Revolt of 1857 in Bihar?

(A) Raj Kumar Shukla

(B) Namdar Khan

(C) Kunwar Singh

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**64.** The Partition of Bengal was made effective on

(A) 14 October, 1905

(B) 15 October, 1905

(C) 16 October, 1905

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**65.** The Quit India Resolution was adopted by the Congress in Bombay on

(A) 7 August, 1942

(B) 8 August, 1942

(C) 9 August, 1942

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**66.** The British ruled India for a long period due to the

(A) liberal policies of the Congress

(B) imprisonment of Indian leaders

(C) policy of Divide and Rule

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**67.** Queen Victoria's Proclamation was issued on which of the following dates?

(A) 1 November, 1857

(B) 27 March, 1858

(C) 1 November, 1858

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**68.** Which of the following statements is/are correct?

(A) Raja Rammohan Roy was the pioneer of modern education.

(B) Swami Dayanand proclaimed India for Indians.

(C) Vivekananda participated in the Parliament of World Religions.

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**69.** Who among the following became India's unofficial Ambassador to England?

(A) Surendranath Banerjee

(B) Dadabhai Naoroji

(C) Swami Vivekananda

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**70.** Who described the Government of India Act, 1935 as a 'Charter of Slavery'?

(A) Mahatma Gandhi

(B) Netaji Subhas Chandra Bose

(C) Maulana Hasrat Mohani

(D) More than one of the above

(E) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**63.** बिहार में 1857 की क्रान्ति के दौरान पटना, आरा और शाहाबाद जिलों में किसने नेतृत्व प्रदान किया?

(A) राजकुमार शुक्ला

(B) नामदार खाँ

(C) कुँवर सिंह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**64.** बंगाल का विभाजन प्रभावी हुआ

(A) 14 अक्तूबर, 1905 को

(B) 15 अक्तूबर, 1905 को

(C) 16 अक्तूबर, 1905 को

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** बम्बई में काँग्रेस द्वारा भारत छोड़ो प्रस्ताव पास किया गया

(A) 7 अगस्त, 1942 को

(B) 8 अगस्त, 1942 को

(C) 9 अगस्त, 1942 को

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** अंग्रेजों ने भारत पर लम्बे समय तक राज्य कैसे किया?

(A) काँग्रेस की उदारवादी नीतियों के कारण

(B) भारतीय नेताओं की गिरफ्तारी के कारण

(C) 'बाँटो और राज करो' की नीति के कारण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67.** निम्नलिखित में से किस तिथि को रानी विक्टोरिया की उद्घोषणा जारी हुई?

(A) 1 नवम्बर, 1857

(B) 27 मार्च, 1858

(C) 1 नवम्बर, 1858

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) राजा राममोहन राय नवीन शिक्षा के अग्रणी थे।

(B) स्वामी दयानन्द ने 'भारत भारतीयों के लिए' का नारा दिया।

(C) विवेकानन्द ने विश्व धर्म संसद में भाग लिया।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** इनमें से कौन इंग्लैंड में भारत के अनाधिकारिक दूत बने?

(A) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी

(B) दादाभाई नौरोजी

(C) स्वामी विवेकानन्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70.** भारत सरकार अधिनियम, 1935 को किसने 'गुलामी का चार्टर' बताया?

(A) महात्मा गाँधी

(B) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

(C) मौलाना हसरत मोहानी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

## PART—III

### ( PALI )

**71.** 'मिगदाय वन' को किस नाम से भी जाना जाता है?

(A) लुम्बिनी वन

(B) कुसीनगर

(C) जेतवन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72.** धम्मचक्कप्पवत्तन के समय भगवान् बुद्ध ने किनको उपदेश दिया था?

(A) अस्सजि

(B) कोण्डिञ्ञ

(C) वप्प

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**73.** बुद्ध ने सर्वप्रथम कितने भिक्षुओं को उपदेश देकर धम्मचक्कप्पवत्तन किया था?

(A) 7

(B) 5

(C) 8

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74.** अष्टाङ्ग मार्ग का पाँचवाँ अङ्ग है

(A) सम्मासति

(B) सम्मावाचा

(C) सम्माआजीवो

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75.** बुद्ध ने संक्षेप में किसे दुःख कहा है?

(A) यं पिच्छं न लभति तं

(B) पञ्चुप्पादानक्खन्धा

(C) जाति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** ब्रह्म विहार के अन्तर्गत किसकी गणना **नहीं** की जाती है?

(A) मेत्ता

(B) मुदिता

(C) अहिंसा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77.** प्रथम बौद्ध सङ्गीति के समय महाकस्सप ने किनसे विनय-सम्बन्धी प्रश्न किया था?

(A) सारिपुत्त

(B) आनन्द

(C) मोग्गल्लान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78.** 29 वर्ष की अवस्था सिद्धार्थ गौतम के जीवन की किस घटना से सम्बन्धित है?

(A) सिद्धार्थ का विवाह

(B) सिद्धार्थ का बोधिलाभ

(C) सिद्धार्थ का गृहत्याग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**79.** सिद्धार्थ का जन्म कहाँ हुआ था?

(A) कपिलवत्थु

(B) बोधगया

(C) वेसाली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80.** गौतम बुद्ध के परिनिर्वाण को सुनकर कौन भिखु प्रसन्न हुआ था?

(A) महाकस्सप

(B) देवदत्त

(C) सुभद्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**81.** बुद्ध ने पहला वस्सावास कहाँ व्यतीत किया था?

(A) कपिलवत्थु

(B) इसिपतन मिगदाय

(C) बोधगया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** भगवान् बुद्ध से उपसम्पदा प्राप्त करने वाला अन्तिम व्यक्ति था

(A) कोलित

(B) यस

(C) सुभद्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**83.** बोधि प्राप्ति के बाद बुद्ध सर्वप्रथम अपना उपदेश किन्हें देना चाहते थे?

(A) पञ्चवग्गिय भिक्खु

(B) उद्दक रामपुत्त

(C) आलार कालाम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** भगवान् बुद्ध को सर्वप्रथम किन्होंने सङ्घ के लिए 'वन' दान दिया था?

(A) अजातसत्तु

(B) अनाथपिण्डक

(C) बिम्बिसार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** 'मिलिन्दपञ्ह' में किस भदन्त से चर्चा है?

(A) भन्ते नागसेन

(B) भन्ते सारीपुत्त

(C) भन्ते आनन्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**86.** बुद्ध ने सबसे अधिक वस्सावास कहाँ किया था?

(A) राजगह

(B) वेसाली

(C) सावत्थि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** तृतीय बौद्ध सङ्गीति किनके शासनकाल में हुई थी?

(A) कालासोक

(B) असोक

(C) अजातसत्तु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** द्वितीय बौद्ध सङ्गीति में कितने अर्हत् भिक्षुओं ने भाग लिया था?

(A) 500 (पाँच सौ)

(B) 700 (सात सौ)

(C) 1000 (एक हजार)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** प्रथम बौद्ध सङ्गीति का आयोजन कहाँ हुआ था?

(A) पाटलिपुत्त

(B) वेसाली

(C) राजगह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** बोधिवृक्ष किस नदी के समीप स्थित था?

(A) मही

(B) सरभू

(C) नेरञ्जरा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**91.** सिद्धार्थ की माता का नाम है

(A) महानामा

(B) महामाया

(C) महापजापति गोतमी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** किनको मिगारमाता के नाम से जाना जाता है?

(A) सुजाता

(B) अम्बपालि

(C) विसाखा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**93.** चार आर्यसत्यों में दुःख समुदय के अन्तर्गत कितनी तृष्णाओं की गणना की गयी है?

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**94.** निम्नलिखित में से कौन-सा अंग ध्यानाङ्ग के अन्तर्गत संकलित **नहीं** है?

(A) विचार

(B) पीति

(C) सील

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**95.** अजातसत्तु के पिता का नाम क्या था?

(A) बिन्दुसार

(B) चन्दगुत्त

(C) पसेनदि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**96.** पटिच्चसमुप्पाद के अन्तर्गत 'उपादान के प्रत्यय' से क्या उत्पन्न होता है'?

(A) भव

(B) वेदना

(C) नामरूप

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**97.** पटिच्चसमुप्पाद के अनुसार किसका निरोध होने पर सङ्खार का निरोध हो जाता है?

(A) विञ्ञाण

(B) नामरूप

(C) अविज्जा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**98.** बुद्ध ने किनसे ध्यान की प्रथम शिक्षा ग्रहण की थी?

(A) आलार कालाम

(B) उद्दक रामपुत्त

(C) बावरी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**99.** 'धम्मपद' किस निकाय के अन्तर्गत सम्मिलित है?

(A) खुद्दकनिकाय

(B) दीघनिकाय

(C) अंगुत्तर निकाय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** 'धम्मपद' में अप्पमाद की तुलना किससे की गयी है?

(A) अमतपद

(B) मच्चुपद

(C) सञ्ञोजन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**101.** 'सुत्तपिटक' के अन्तर्गत कितने निकाय हैं?

(A) 3

(B) 7

(C) 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**102.** 'खुद्दकनिकाय' के अन्तर्गत सम्मिलित ग्रन्थों की संख्या है

(A) 12

(B) 14

(C) 15

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**103.** जातक ग्रन्थ के अन्तर्गत कुल कितनी जातक कथाओं का संग्रह है?

(A) 449

(B) 349

(C) 549

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**104.** "मनोपुब्बङ्गमा धम्मा" गाथा का यह अंश किस ग्रन्थ से उद्धृत है?

(A) सुत्तनिपात

(B) उदान

(C) धम्मपद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**105.** 'धम्मपद' में गाथाओं की संख्या कितनी है?

(A) 423

(B) 440

(C) 323

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106.** 'धनियसुत्त' किस ग्रन्थ में संकलित है?

(A) धम्मपद

(B) सुत्तनिपात

(C) दीघनिकाय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**107.** बुद्ध ने अपने सबसे अधिक उपदेश कहाँ दिए?

(A) इसिपतन मिगदाय

(B) राजगह

(C) सावत्थि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108.** थेर भिक्षुओं के उदानों का संग्रह किस ग्रन्थ में किया गया है?

(A) उदान

(B) इतिवुत्तक

(C) थेरगाथा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**109.** निम्नलिखित में से कौन-सा अरिय सच्चानि का अङ्ग है?

(A) सम्मा दिट्ठि

(B) दुक्ख

(C) अविज्जा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**110.** "नन्दति पुत्तेहि पुत्तिमा"—यह कथन किनके द्वारा कहा गया है?

(A) बुद्ध

(B) धनियगोप

(C) मार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**111.** 'पञ्ञा + इन्द्रिय = पञ्ञिन्द्रिय' किस सन्धि का उदाहरण है?

(A) सरासरे लोपं

(B) सरे क्वचि

(C) क चासवण्णं लुत्ते

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**112.** बहुव्वीहि समास का उदाहरण है

(A) सल्लविद्धो

(B) जितिन्द्रियो

(C) कण्हसप्पो

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**113.** 'नीलुप्पलं' किस समास का उदाहरण है?

(A) बहुव्वीहि समास

(B) तप्पुरिस समास

(C) कम्मधारय समास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**114.** 'पठसि' क्रियारूप किस काल का है?

(A) पच्चुप्पन्न काल

(B) अतीत काल

(C) अनागत काल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**115.** 'पञ्चमी विभत्ति' को किस नाम से जाना जाता है?

(A) करण कारक

(B) सम्बन्ध कारक

(C) सम्पदान कारक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**116.** "चत्तारो + इमे = चत्तारोमे"—इसमें कौन-सी सन्धि है?

(A) पुब्बो च

(B) सरासरे लोपं

(C) वा परो असरूपा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** "पर द्वे भावो ठाने" किस सन्धि का अर्थ है?

(A) व्यञ्जन की परता में स्वर का कहीं-कहीं लोप हो जाता है

(B) स्वर के बाद आने वाले व्यञ्जन का कहीं-कहीं द्वित्व हो जाता है

(C) व्यञ्जन की परता में स्वर कहीं-कहीं ह्रस्व हो जाता है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**118.** 'महापुरिसो' में 'महा' विशेषण लगा है, इसलिए इसमें कौन-सा समास है?

(A) बहुव्वीहि

(B) दिगु

(C) कम्मधारय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**119.** ''महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं'' इस 'भिक्खुसङ्घेन' में ततिया विभत्ति लगी है, क्योंकि

(A) 'सहादियोगे च' अर्थात् सह आदि के योग के अर्थ में ततिया विभत्ति होती है

(B) 'करणे ततिया' अर्थात् करण कारक में ततिया विभत्ति होती है

(C) 'हेत्वत्थे च' अर्थात् हेतु के अर्थ में ततिया विभत्ति होती है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**120.** 'उपनगरं' में 'उप' उपसर्ग का प्रयोग किया गया है इसलिए इसमें समास है

(A) कम्मधारय

(B) अव्ययीभाव

(C) तप्पुरिस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**121.** 'पठामि'—यह 'पठ' धातु के किस पुरिस व किस वचन का रूप है?

(A) मज्झिम पुरिस एकवचन

(B) उत्तम पुरिस एकवचन

(C) मज्झिम पुरिस बहुवचन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**122.** ''अन्नेन वसति''—यहाँ 'अन्नेन' ततिया विभत्ति में प्रयुक्त है, क्योंकि

(A) हेतु के अर्थ (हेत्वत्थे च) में ततिया विभत्ति होती है

(B) विशेषण के अर्थ में (विसेसने च) ततिया विभत्ति होती है

(C) शरीर का विकृतभाव लक्षित होने के अर्थ में (येनाङ्गविकारो) ततिया विभत्ति होती है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**123.** 'पब्बजं' का सन्धि-विच्छेद है

(A) पब + बजं

(B) प + ब्बजं

(C) प + बजं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**124.** ''वह बुद्ध को नमस्कार करता है।'' यह निम्नलिखित में से पालि के किस वाक्य का अनुवाद है?

(A) सो बुद्धाय नमस्कारं करोति।

(B) सो बुद्धं नमस्कारं करोति।

(C) सो बुद्धस्स नमस्कारं करोति।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**125.** ''वह बुद्ध को दान देता है।'' यह अनुवाद निम्नलिखित में से पालि के किस वाक्य का है?

(A) सो बुद्धस्स दानं देति।

(B) सो बुद्धं दानं देति।

(C) सो बुद्धा दानं देति।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**126.** ''समण को सत्य रुचिकर लगता है।'' यह अनुवाद निम्नलिखित में से पालि के किस वाक्य का है?

(A) समणं सच्चं रोचते।

(B) समणस्स सच्चं रोचते।

(C) समणो सच्चं रोचते।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**127.** 'बुद्धानं'—यह 'बुद्ध' शब्द की किस विभत्ति और किस वचन का रूप है?

(A) चतुत्थी एकवचन

(B) चतुत्थी बहुवचन

(C) पञ्चमी एकवचन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**128.** ''यस्स वा परिग्गहो तं सामि''—इस सुत्त से कौन-सा कारक निर्दिष्ट होता है?

(A) अपादान कारक

(B) सम्पदान कारक

(C) सम्बन्ध कारक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**129.** 'कञ्ञायो'—यह रूप 'कञ्ञा' शब्द की किस विभत्ति और किस वचन का है?

(A) दुतिया विभत्ति बहुवचन

(B) छट्ठी विभत्ति एकवचन

(C) चतुत्थी विभत्ति बहुवचन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**130.** 'समेतायस्मा' शब्द का सन्धि-विच्छेद है

(A) समेत + आयस्मा

(B) समेतु + आयस्मा

(C) समेतो + आयस्मा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**131.** 'पठिस्सथ' क्रियारूप 'पठ' धातु के किस पुरिस और किस वचन का है?

(A) मज्झिम पुरिस एकवचन

(B) उत्तम पुरिस बहुवचन

(C) मज्झिम पुरिस बहुवचन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**132.** 'भविस्सामि' क्रियारूप किस काल का है?

(A) पच्चुप्पन्न

(B) अतीत

(C) अनागत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**133.** ''यानेहि कुमारा उय्यानं _____।'' इस वाक्य के रिक्त स्थान में 'गच्छ' धातु वत्तमान काल का क्रियारूप होगा

(A) गच्छथ

(B) गच्छन्ति

(C) गमिस्सथ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**134.** ''बालक को मोदक (लड्डू) अच्छा लगता है।'' इस वाक्य के पालि अनुवाद ''_____ मोदकं रोचते'' में रिक्त स्थान में 'बालक' शब्द का कौन-सा रूप भरा जाएगा?

(A) बालकं

(B) बालका

(C) बालकाय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**135.** 'यावज्जीवं' (जीवन भर) में कौन-सा समास है?

(A) कम्मधारय

(B) दिगु

(C) तप्पुरिस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**136.** 'मुनीनं'—यह रूप 'मुनि' शब्द की किस विभत्ति और किस वचन का है?

(A) चतुत्थी बहुवचन

(B) छट्ठी एकवचन

(C) पञ्चमी बहुवचन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**137.** 'पुब्बो च'—यह सन्धि सूत्र किससे सम्बन्धित है?

(A) सर सन्धि

(B) व्यञ्जन सन्धि

(C) निग्गहीत सन्धि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**138.** 'ओकासे सत्तमी'—इस सूत्र से कौन-सा कारक प्रस्तुत किया गया है?

(A) सम्बन्ध

(B) अधिकरण

(C) अपादान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

**139.** ''द्विपदे तुल्याधिकरणे''—यह किस समास की परिभाषा है?

(A) दिगु

(B) कम्मधारय

(C) बहुव्वीहि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**140.** 'यथा + इव' की सन्धि से कौन-सा शब्द बनता है?

(A) यथेव

(B) यथैव

(C) यथरिव

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**141.** ''उपज्झाया अन्तरधायति सिस्सो''—यहाँ उपज्झाया में प्रयुक्त विभत्ति है

(A) ततिया विभत्ति

(B) पञ्चमी विभत्ति

(C) चतुत्थी विभत्ति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**142.** 'दिगुस्सेकत्तं'—इस सूत्र से अभिव्यक्त समास का उदाहरण है

(A) तिनयनं

(B) सारिपुत्त मोग्गलाना

(C) महानागो

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**143.** 'सब्बेहि'—यह 'सब्ब' शब्द की किस विभत्ति और किस वचन का रूप है?

(A) दुतिया बहुवचन

(B) सत्तमी एकवचन

(C) पञ्चमी बहुवचन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**144.** 'रत्तियं'—यह 'रत्ति' शब्द की किस विभत्ति और किस वचन का रूप है?

(A) सत्तमी बहुवचन

(B) छट्ठी एकवचन

(C) सत्तमी एकवचन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**145.** ''उपधीहि नरस्स नन्दना, न हि सो नन्दति यो निरुपधि।'' यह गाथा किनके द्वारा उक्त है?

(A) बुद्ध

(B) सारिपुत्त

(C) धनिय गोप

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**146.** ''विवटा कुटि निब्बुतो गिनि, अथ चे पत्थयसि पवस्स देव।'' इस पालि गाथा का शुद्ध अनुवाद है

(A) अच्छी तरह कुटी छायी हुई है, अग्नि जल रही है, हे देव ! यदि तुम चाहते हो, तो (घर में) प्रवेश करो।

(B) अच्छी तरह कुटी छायी हुई है, अग्नि जल रही है। हे देव ! यदि तुम चाहते हो, तो बरसो।

(C) कुटी खुली हुई है, आग बुझ गई, हे देव यदि चाहते हो, तो बरसो।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**147.** ''दीघा जागरतो रत्ति, दीघं सन्तस्स योजनं।'' इस गाथा-अंश का अनुवाद है

(A) आसक्त पुरुष देर तक जागता है, सन्तों की योजना विस्तृत होती है।

(B) रात को देर तक जागने और देर तक शान्तिपूर्वक सोने की योजना है।

(C) जागने वाले को रात बड़ी होती है, थके हुए को योजन लम्बा होता है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**148.** ''उदकं हि नयन्ति नेत्तिका, उसुकारा नमयन्ति तेजनं।'' इस गाथा-अंश का अनुवाद है

(A) पानी ले आते हैं, आँख धोते हैं, सूर्य के तेज के आगे नमन करते हैं।

(B) नहर वाले पानी ले जाते हैं, वाण बनाने वाले वाण को सीधा करते हैं।

(C) नेतृत्व करने वाले के लिए पानी ढोते हैं, वाण बनाने वाले उसे टेढ़ा करते हैं।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**149.** ''इमस्मिं सति इदं होति, इमस्मिं असति इदं न होति।'' इस वाक्य द्वारा भगवान् बुद्ध ने किस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है?

(A) अनात्मवाद

(B) अनिश्वरवाद

(C) प्रतीत्यसमुत्पाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**150.** ''तस्मिं समये राहुलमाता पुत्तं विजायी ति, सुत्वा सुद्धोदन महाराज 'पुत्तस्स मे तुट्ठिं निवेदथा'ति सासनं पहिणि। बोधिसत्तो तं सुत्वा 'राहुलो जातो' बन्धनं जातं ति आह। राजा—किं मे पुत्तो अवचा ति पुच्छित्वा तं वचनं सुत्वा 'इतो पट्ठाय मे नत्ता राहुलकुमारो येव नाम होतू'ति आह।'' इस गद्यांश के अनुसार सिद्धार्थ के पुत्र का 'राहुल कुमार' नामकरण किनके द्वारा किया गया?

(A) यसोधरा

(B) सिद्धत्थ (सिद्धार्थ)

(C) सुद्धोदन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान**

★ ★ ★

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24/HV/M-2023-11**

**उम्मीदवार का अनुक्रमांक**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**पुस्तिका शृंखला**

**A**

**प्रश्न-पुस्तिका**

# भाषा, सामान्य अध्ययन और पालि

**समय : 2:30 घण्टे**

**पूर्णांक : 150**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका तीन भागों में विभाजित है—भाग–I, भाग–II एवं भाग–III। भाग–I में **भाषा (अर्हता)** के प्रश्न हैं, भाग–II में **सामान्य अध्ययन** के प्रश्न हैं तथा भाग–III में **पालि** के प्रश्न हैं।
2. भाग–I में प्रश्न संख्या **1** से **30**, भाग–II में प्रश्न संख्या **31** से **70** (प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं) तथा भाग–III में प्रश्न संख्या **71** से **150** तक हैं।
3. **सभी** प्रश्नों का अंक समान है।
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु एक पृष्ठ (पृष्ठ सं॰ 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-1 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
7. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
8. प्रत्येक प्रश्न के **पाँच** उत्तर—(A), (B), (C), (D) और (E) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर करेगा।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **पाँच** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ और Ⓔ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
12. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.